### नागरमल मोदी सेवा सदन में आधुनिक शल्यन कक्ष का हुआ उद्घाटन

# सदन में चार ऑपरेशन थिएटर मॉड्यूलर हैं : डॉ सुनील रूंगटा

● गणेश प्रसाद जालान एवं गीता देवी जालान की स्मृति में बना आधुनिक शल्यन कक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नागरमल मोदी सेवा सदन में शनिवार को तृतीय तल पर नवीनीकृत-आधुनिक शल्यन कक्ष का उद्घाटन चिन्मय मिशन के स्वामी परिपूर्णानन्द जी ने किया। इस नवीनीकृत-आधुनिक शल्यन कक्ष का निर्माण नारायण जालान परिवार के सौजन्य से उनके पिता स्व. गणेश प्रसाद जालान एवं माता स्व. गीता देवी जालान की स्मृति में किया गया है। उद्घाटन समारोह में नारायण जालान, मुरारी जालान एवं आकाश जालान सहित जालान परिवार के लोग उपस्थित थे। सदन के चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुनील रूंगटा ने मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर



की विशेषताओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सदन के पांच ऑपरेशन थियेटर में से चार ऑपरेशन थिएटर, मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर बन चुके हैं। उन्होंने बताया कि मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, ऑपरेशन थिएटर का अत्याधुनिक स्वरूप है, मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर में बेहतर वायु गुणवता होती है। इनमें वेंटिलेशन और वायु निस्पंदन की सुविधा होती है, मॉड्यूलर ओटी में अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाएं होती हैं। इनमें अग्नि शमन प्रणाली और बैकअप पावर स्रोत होते हैं, मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर में आर्द्रता नियंत्रण की सुविधा होती है, मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर में एक ही जगह पर कई तरह की सर्जरी की जा सकती है, जिसमें शल्यन के दौरान संक्रमण की सम्भावना कम से कम रहती है। सेवा सदन के अध्यक्ष अरुण छावछरिया ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए जालान परिवार के इस सहयोग के लिए विशेष आभार प्रकट किया। मानद सचिव आशीष मोदी ने नागरमल मोदी सेवा सदन की विकास यात्रा की जानकारी के साथ भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। सचिव ने रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर मात्र रू. 500/- में गरीबों के लिए डायलिसिस की सुविधा एवं चलन्त बस पर निःशुल्क पैथोलोजीकल जांच की सुविधा का कार्यान्वयन होने की घोषणा की।

#### नारायण जालान ने कहा माता-पिता की प्रेरणा से ही सेवा हो पा रहा है

समारोह का संचालन सहायक सचिव वेद प्रकाश बागला ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन वरीय उपाध्यक्ष पुनीत पोद्दार ने किया। समारोह में सदन के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार केडिया, राजेन्द्र कुमार सरावगी, अजय मारू एवं उपाध्यक्ष रेखा जैन उपस्थित थीं। इसके अलावे सदन के सदस्य गोवर्द्धन गाड़ोदिया, ललित केडिया, आलोक तुलस्यान, वरुण जालान, डॉ. रमन कुमार, डॉ. तरुण अडुकिया, डॉ. डी. एम. प्रसाद, डॉ एके वर्मा, डॉ केपी दारुका, डॉ अंजू कुमार एवं डॉ अविषेक अग्रवाल के साथ साथ कई सदस्य उपस्थित थे।

### मुखिया एवं उपमुखिया के कार्यशाला-सह-सम्मेलन का आयोजन

# शिक्षक देर से स्कूल आएं तो 'अबुआ साथी' को बताएं : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** ओरमांझी प्रखण्ड के रुक्का में शनिवार को मुखिया एवं उपमुखिया के क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला-सह-सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने उत्कृष्ट कार्य करनेवाले मुखियाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही जिलास्तरीय पदाधिकारियों ने अपने संबंधित विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की प्रस्तुति देकर विस्तृत जानकारी दी। क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला-सह-सम्मेलन में उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दण्डाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक सहित जिलास्तरीय पदाधिकारी, बीडीओ-सीओ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

## अबुआ ग्रुप का सदुपयोग करें : उपायुक्त



● अफीम की खेती एवं नशापान के खिलाफ दिलाई गई शपथ

क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला-सह-सम्मेलन में सभी मुखिया-उपमुखिया से संवाद करते हुए उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने पूछा कि कौन-कौन अबुआ ग्रुप से जुडे. हैं? उपायुक्त ने बताया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, जिला प्रशासन की गतिविधियों एवं द्विपक्षीय संवाद हेतु जिला के सभी प्रखण्डों के लिए अबुआ ग्रुप बनाया गया है। इस गुरप में बीडीओ, सीओ, जेएसएलपीएस के पदाधिकारी/कर्मी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पत्रकारों एवं अन्य लोगों को जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय, प्रखंड/अंचल एवं पंचायत कार्यालय सही से काम करेंगे तो ग्रामीण क्षेत्र का विकास संभव है। उन्होंने सभी लोगों से अबुआ ग्रुप से जुड़ने की अपील की। मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी मुखिया एवं उपमुखिया को जिला प्रशासन द्वारा जनशिकायत हेतु जारी व्हाट्सएप नंबर 9430328080 ( अबुआ साथी ) के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला में सरकारी काम-काज में किसी तरह की अनियमितता होती है तो अबुआ साथी पर शिकायत करें। जिला प्रशासन द्वारा 2477 सेल बनाकर अबुआ साथी पर आये शिकायतों का निष्पादन किया जा रहा है। श्री मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूलों में शिक्षक लेट से स्कूल आते हैं, स्वास्थ्य केन्द्र में एएनएम आ रही हैं या नहीं आदि अनियमितता से संबंधित शिकायत अबुआ साथी पर करें।उपायुक्त ने कहा कि जिला के सभी पंचायतों का सर्वांगीण विकास करना है और इसके लिए सभी को मिलकर समाधान ढूंढना है। उन्होंने कहा कि आप सभी के साथ मिलकर काम करने को जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि हर 15 दिनों में सभी मुखियागणों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद हो। उपायुक्त ने कहा कि पंचायत स्तर पर योजनाओं का क्रियान्वयन करनेवाले मुखिया-उपमुखिया है। सभी पंचायत भवनों में पानी, बिजली, इंटरनेट, कम्प्यूटर, शौचालय आदि बुनियादी सुविधाएं होगी तो संचालन ठीक से होगा। उपायुक्त ने कहा कि पंचायत स्तर पर सबसे अच्छा कार्य करनेवाले मुखिया को सम्मानित किया जायेगा।

#### आप सभी का सहयोग और सुझाव चाहिए

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि पंचायतों के सुदृढ़ीकरण के लिए आप सभी का सहयोग और सुझाव चाहिए। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर सभी मुखियागण, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक के साथ सप्ताह में एक दिन बैठक करें। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर सचिव और सेवक के पंचायत भवन में उपस्थित रहने हेतु रोस्टर भी तैयार किया गया है।

#### ग्रामीण क्षेत्र के लिए शुरू होगा टॉक टू डीसी कार्यक्रम

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि जल्द ही ग्रामीण क्षेत्र के लिए टॉक टू डीसी कार्यक्रम की शुरुआत की जायेगी। उन्होंने बताया कि महीने में एक बार टॉक टू डीसी कार्यक्रम होगा। उपायुक्त द्वारा सभी पंचायतों को एक्टिव रहते हुए रांची को मॉडल डिस्ट्रिक बनाने की दिशा में प्रयास करने की बात कही गयी।

#### जनप्रतिनिधियों से मिले सुझावों का क्रियान्वयन करें

क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला-सह-सम्मेलन में जिला के सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी भी उपस्थित थे। उपायुक्त द्वारा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सुझाव लेने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त सुझावों के क्रियान्वयन की दिशाा में भी सभी बीडीओ कार्य करें।

## डीएवी हेहल की अनुष्का को नेशनल ओलंपियाड में मिला दूसरा स्थान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



हेहल डीएवी की नवमीं कक्षा की छात्रा अनुष्का उरांव ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित 'नेशनल मेट ओलंपियाड' में झारखंड राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। यह ओलंपियाड भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, भू-विज्ञान मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा 14 जनवरी 2025 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। इस गरिमामय अवसर के मुख्य अतिथि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी थे। इस उपलब्धि पर विद्यालय एस के मिश्रा,प्राचार्य सह- सहायक क्षेत्रीय अधिकारी,डीएवी पब्लिक स्कूल्स, झारखंड जोन-जे ने आज दिनांक 18 जनवार को विद्यालय की प्रातःकालीन सभा में अनुष्का को सम्मानित करते हुए बधाई दी।उन्होंने कहा,"अनुष्का ने अपनी मेहनत और लगन से यह सफलता प्राप्त की है। मेहनत का रंग सुनहरा होता है और अनुष्का इसकी जीती-जागती मिसाल हैं। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति के भीतर अद्भुत गुण और संभावनाएँ छिपी होती हैं। आवश्यकता है उन्हें पहचानने, निखारने और लक्ष्य की ओर केंद्रित होकर कार्य करने की। उन्होंने कहा कि अनुष्का जैसी उपलब्धियां अन्य छात्रों को भी प्रेरित करेंगी।

## समाहरणालय के बी ब्लॉक में पार्किंग स्थल पड़ा छोटा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



समाहरणालय रांची के ब्लॉक बी में दो वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था प्रशासन ने की है। वर्तमान में पार्किंग स्थान छोटा पड़ रहा है, कई गाड़ियां इधर-उधर लगी रहती है। इससे समाहरणालय आने वालों को पार्किंग की समस्या हो रही है। कहां अपने वाहनों को खड़ा करे, यह रोज की समस्या से आम जनता जूझ रही है। इससे परे पार्किंग स्थल को पूरा उपयोग नहीं किया जा रहा है। कतारबद्ध दो कतार में वाहनों को खड़ा किया जाता है, और बीच में वाहनों को खड़ा किया जा रहा है। वहीं दीवाल के किनारे का हिस्सा खाली रहता है अगर इस स्थान का उपयोग किया जाए तो और अन्य की वाहनों को जगह मिल सकता है। मगर लोग यदा -कदा अपने वाहनों को खड़ा करने के लिए मजबूर हैं, जिससे वाहनों को निकालने में परेशानी हो रही है। नाम नहीं बताने की सूरत में लोगों ने बताया कि दीवाल के खाली स्थान में पार्किंग की व्यवस्था होने में प्रशासन कदम उठाने वाली है और पार्किंग स्थल को बड़ा करने की योजना बनाई है लेकिन फिलहाल यह योजना ठंडे बस्ते में पड़ी है। प्रशासन कभी जागे और पार्किंग स्थल को बड़ा करे तो जिले के प्रशासनिक ावन की सुंदरता और बढ़ेगी।

## बिजली बोर्ड एडवाइजरी कमिटी का गठन करे : एफजेसीसीआई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स की उर्जा उप समिति की बैठक उप समिति चेयरमैन नन्द किशोर पाटोदिया की अध्यक्षता में चैम्बर भवन में हुई। बैठक में बिजली विभाग द्वारा बिजली की खपत में अनियमितता पाए जाने पर थाणे पर एफआईआर दर्ज कर दिया जाता है जो सही नहीं है, सबसे पहले विभाग को जांच प्रक्रिया के तहत कार्रवाई करनी चाहिए दोषी पाए जाने पर उसपर जुमार्ना लगाना चाहिए एवं नहीं देने पर उसका कनेक्शन काट देना चाहिए। बिना जांच किये उपभेक्ता पर आरोप लगाना गलत है इस पर रोक लगनी चाहिए। घरेलु उपभेक्ताओं को सिक्यूरिटी पर ब्याज नहीं मिल रहा इस बात पर भी चिंता जताई गयी और इस पर विभाग को त्वरित कार्रवाई करने की भी बात कही गयी है। उपभेक्ताओं को बिजली बिल 5-6 महीने में आता है और उसी के तहत भुगतान भी करना पड़ता है जबकि बिल हर महीने आना चाहिए जिससे भुगतान करने में भी कोई समस्या न हो । यदि 5-6 महीने में बिल आये तो भुगतान भी उसी माध्यम से किस्त में किया जाए। रूफ टॉप सोलर प्लांट लगाने पर सरकार द्वारा सब्सिडी दी जाती है यह सब्सिडी कमर्शियल एवं इंडस्ट्रियल को भी मिलना चाहिए इससे सोलर प्लांट को बढ़ावा मिलेगा तथा कुछ हद तक बिजली कमी से राहत मिलेगी। उपभेक्ता बिजली कैसे बचायी जाये इस उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया कि इस पर चैम्बर द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। पूर्व में बिजली बोर्ड द्वारा एडवाइजरी कमिटी का गठन किया गया था उसे पुनः शुरू किया जाये एवं चैम्बर के प्रतिनिधि को उस कमिटी से जोड़ा जाये, जिससे उपभेक्ताओं की समस्या का निराकरण जल्दी हो सके। मौके पर उप समिति चेयरमैन नन्द किशोर पाटोदिया, सदस्य शशांक भरद्वाज, प्रमोद सारस्वत, महेंद्र जैन, ओमप्रकाश अग्रवाल, मनोज गोयल, सुनील गुप्ता,विजय छापरिया, मनमोहन मोहता सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## चेक बाउंस का आरोपी साक्ष्य के अभाव में रिहा

**रांची।** चेक बाउंस से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए प्रथम श्रेणी के न्यायिक दंडाधिकारी राजकुमार पांडे की अदालत में पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में सुकरहुटू निवासी महताब आलम को मामले में बरी कर दिया। महताब आलम के खिलाफ कांके सेमरटोली निवासी सुभाष घोष ने वर्ष 2019 में चेक बाउंस का आरोप लगाते हुए शिकायतवाद दर्ज कराया था। अधिवक्ता जीवन प्रकाश ने बताया कि जमीन की खरीद-बिक्री करने के क्रम में महताब आलम ने शिकायतकर्ता सुभाष को वर्ष 2018 में ?5 लाख का चेक दिया।

# पुस्तक मेले में 'रंगमंच के सामाजिक सरोकार' पुस्तक का हुआ लोकार्पण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** राजधानी रांची के जिला स्कूल मैदान में राष्ट्रीय पुस्तक मेले का आयोजन किया गया है। तीसरे दिन शनिवार को राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने संस्कृतिकर्मी अनीश अंकुर की पुस्तक रंगमंच के सामाजिक सरोकार का लोकार्पण किया। डॉ अरुण कुमार, एमजेड खान, प्रकाश देवकुलीश, डॉ प्रकाश सहाय और डॉ उर्वशी ने कृति चर्चा में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ विनोद कुमार ने की। प्रकाशन संस्थान के निदेशक हरिशचन्द शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। पुस्तक मेले में हर आयु वर्ग के लिए किताबें उपलब्ध हैं। पुस्तक मेला 26 जनवरी तक लगा है। सुबह 11 बजे से रात 7:30 बजे तक पुस्तक मेले का आनंद ले सकते हैं।

### राष्ट्रीय पुस्तक मेले में है खास किताबें



वरिष्ठ कथाकार काशीनाथ सिंह, कामतानाथ, भीष्म साहनी, शिरीष खरे, कुलदीप, प्रभा कुमारी, प्रमोद भार्गव, उषाकिरण खान के साथ-साथ युवा कथाकारों गीताश्री, संदीप मीर, यामिनी, इरशाद खान सिकन्दर, देवदत्त पटनायक, अनुकृति उपाध्याय, रजनी गुप्त की चर्चित कथाकृतियों से रु-ब-रु होना चाहते हैं तो राष्ट्रीय पुस्तक मेले में आपका स्वागत है। समय इंडिया (नई दिल्ली) एवं बिहार राज्य अभिलेखागार निदेशालय (पटना) की ओर से रांची के जिला स्कूल मैदान में लगाए गए पुस्तक मेले में राजपाल एंड संस का स्टॉल है। इसी स्टॉल पर आप बेनजीर भुट्टो की मेरी आपबीती, मिर्जा गालिब की गालिब, काशीनाथ सिंह की मेरी प्रिय कहानियां, महाकवि और उनका काव्य जायसी, पद्मश्री से विभूषित नरेन्द्र कोहली की वरुण पुत्री जैसी पुस्तकें यहां उपलब्ध हैं।

#### लोकगीत एवं देशभक्ति गायन प्रतियोगिता का आयोजन

पुस्तक मेले में शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में शनिवार को बच्चों की लोकगीत एवं देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। लोक/धुनों पर आधारित गीत बच्चों ने समां बांध दिया और श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया।

#### पुस्तक संवाद और चित्रकला प्रतियोगिता आज

पुस्तक मेले में रविवार शाम 4 बजे राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश की 10 पुस्तकों पर केन्द्रित पुस्तक संवाद होगा। इसमें विनय भरत हरिवंश से लेखकीय संवाद करेंगे। यह पुस्तकें ह्मसमय के सवालह्ण श्रृंखला के तहत प्रकाशन संस्थान से प्रकाशित हैं। अपराह्न 3:00 बजे बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता होगी। इसमें विभिन्न आयु वर्ग के बच्चे भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता नि:शुल्क होगी।

### कहानियों का कई संग्रह है उपलब्ध

पुस्तक मेले में समय प्रकाशन और यश प्रकाशन का एक स्टॉल है, जहां रेणु की श्रेष्ठ कहानियां, तीसरी कसम और अन्य कहानियां, रेणु की बाल कहानियां, स्वयं प्रकाश की इक्यावन कहानियां, सूर्यकान्त नागर की श्रेष्ठ कहानियां, शरद पगारे की श्रेष्ठ कहानियां, कृष्णा अग्निहोत्री की श्रेष्ठ कहानियां, राजेन्द्र अवस्थी की पुरस्कृत कहानियां, ऋषि गजपाल की घंटियों का शोर, चन्द्रकान्ता की कथानगर, अनवर सुहैल की कुंजड़ कसाई, शुभदा मिश्र की यहीं कहीं होगी संजीवनी जैसी चर्चित कथाकृतियां उपलब्ध हैं। कहानी संग्रहों पर केंद्रित महत्वपूर्ण पुस्तकें आपको प्रकाशन संस्थान, हिन्द युग्म, वर्मा बुक कम्पनी, आर्यन बुक सेलर्स, क्राउन बुक कम्पनी और झारखंड झरोखा के स्टॉल्स पर हैं।


## न्यूज बॉक्स

### मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने किया पौधों का वितरण



**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के 40 वे स्थापना दिवस को वृहत रूप से मनाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर झारखंड प्रांत द्वारा सात दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। समर्पण शाखा ने सात दिवसीय कार्यक्रम में चौथे दिन पर्यावरण कार्यक्रम के अंतर्गत मोराबादी ऑक्सीजन पार्क में सेवा की गई। जिसमें राहगीरों के बीच पौधों का वितरण किया गया। इसमें अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल, कोमल पोद्दार, स्मिता अग्रवाल, रितु पोद्दार एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में खिचड़ी महाप्रसाद का हुआ वितरण



**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर ( तिरूपति बालाजी )मंदिर में शनिवार को 862 वां खिचड़ी महाप्रसाद भंडारे का आयोजन हुआ। कई प्रकार के अन्न व सब्जियों से खिचड़ी बनाया गया था। खिचड़ी महाप्रसाद भंडारे में 1383 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। खिचड़ी महाप्रसाद रांची निवासी श्री ओम प्रकाश गड़ोदिया धर्मपत्नी मंजू गड़ोदिया की ओर से निवेदित हुआ। मंदिर के अर्चक सत्यनारायण गौतम और नारायण दास ने भगवान के नित्याराधन, पूजा- अर्चना ,वंदना, महाआरती और स्तुति आदि के पश्चात् खिचड़ी भोग निवेदन किया और संकल्प आदि कराकर यजमान को मंत्रों के द्वारा आशीर्वाद से संपुष्ट किया। राम अवतार नरसरिया, प्रदीप नरसरिया, अनूप अग्रवाल, रंजन सिंह, गौरी शंकर साबू, सुशील लोहिया, राजेश सुल्तानिया आदि की भूमिका रही।

### वार्षिकोत्सव की तैयारी को लेकर हुई बैठक



**रांची।** सेवा भारती, रांची महानगर के वार्षिकोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक हुई। बैठक भाग 4 की नगर निरीक्षिका व शिक्षिकाओं की बैठक सर्वव्यवस्था प्रमुख विनय लाल की अध्यक्षता में सेवा निकेतन, बिरसा चौक में संपन्न हुई। आगामी 9 फरवरी को सेवा भारती रांची महानगर के बाल मेला सह वार्षिकोत्सव में होने वाले योगासन,समूह गीत प्रतियोगिता,विज्ञान इवेंट्स, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं की तैयारी का जायजा लेते हुए विनय लाल ने कहा कि अपनी तैयारी में कोई कमी नहीं रहे इसके लिए सामूहिक अभ्यास करना आवश्यक है। बैठक में ब्रह्मानाद, गायत्री मंत्र, वंदना, गीत का अभ्यास कराया गया। इस बैठक में सेवा भारती के मनोज कुमार, मीडिया प्रभारी सौरभ कुमार,नगर निरीक्षिका में गायत्री देवी, चंचल देवी सहित बाल संस्कार केंद्र व सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

### 65 एकड़ लगे अफीम की फसल को पुलिस ने किया नष्ट

**रांची।** रांची पुलिस ने तमाड़, बुंडू, राहे, नामकुम, अनगड़ा, सोनाहातु एवं दशामफाल थाना क्षेत्र में अवैध रूप से किए जा रहे अफीम की खेती को ट्रैक्टर तथा ग्रास कटर मशीन चला कर विनिष्ट किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुंडू के नेतृत्व में तमाड़, बुंडू, राहे, नामकुम, अनगड़ा, सोनाहातु एवं दशामफाल थाना प्रभारी के द्वारा. बुंडू थाना अंतर्गत 15 एकड़, तमाड़ थाना अंतर्गत 29 एकड़, दशामफाल थाना अंतर्गत 06 एकड़, सोनाहातु थाना अंतर्गत 01 एकड़, राहे थाना अंतर्गत 03 एकड़, नामकुम थाना अंतर्गत 05 एकड़, अनगड़ा थाना अंतर्गत 06 एकड़ लगभग 65 एकड़ लगे अफीम को ट्रैक्टर, ग्रास कटर मशीन एवं पुलिस बल के द्वारा विनष्ट किया गया। विनिष्टीकरण के दौरान राहे थाना क्षेत्र से जगन्नाथ महतो को अवैध अफीम की खेती करते हुए पकड़ा गया। इस संबंध में कांड दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### एसएस मेमोरियल कॉलेज की ओर से कंबल वितरण



**रांची।** एसएस मेमोरियल कॉलेज की ओर से सामाजिक सुरक्षा, सहयोग व समाज सेवा के तहत ब्रजकिशोर नेत्रहीन बालिका विद्यालय लेम बस्ती बड़गाई, बरियातु में बच्चों के बीच कंबल वितरण किया गया । ज्ञात हो कि विगत दिनों मकर संक्रांति के अवसर पर राजकीय नेत्रहीन मध्य विद्यालय अरगोड़ा में भी बच्चों के बीच कंबल वितरण किया गया था। एसएस मेमोरियल कॉलेज के प्राचार्य के डॉ बीपी वर्मा के पहल पर व इनके नेतृत्व में सभी शिक्षकों ने ( असिस्टेंट प्रोफेसर ) स्वेच्छा से आर्थिक सहयोग प्रदान कर इस प्रकार का सेवा कर नेकी कार्य करते रहें हैं। एसएस मेमोरियल कॉलेज परिवार सदा से हीं सहयोग के लिए तत्पर रहता है। आज के इस नेकी कार्य में प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा, शिक्षक संघ अध्यक्ष के डॉ समर सिंह, डॉ एनके पांडेय, डॉ संजय सारंगी, डॉ मुकेश ऊराव, डॉ सुबास साहु कॉलेज के शिक्षक संघ के प्रतिनिधि के तौर पर उपस्थित होकर कंबल वितरण किये।

### वित्तीय रिपोर्टिंग निखारने व लिखने की आदत डालें छात्र : मुरलीधर

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन में शनिवार को मास्टर क्लास का आयोजन किया गया। झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार सह करियर काउंसिलर एनके मुरलीधर ने विद्यार्थियों को पत्रकारिता की पढ़ाई व इससे संबंधित करियर के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही बदलते दौर में पत्रकारिता को निखारने के टिप्स भी दिए। एनके मुरलीधर ने कहा कि आज फाइनेंस व पर्यावरण जैसे विषयों पर गहनता से लिखने-पढ़ने वालों की कमी है। इन विषयों में अपनी पकड़ बना कर युवा अच्छी पत्रकारिता कर सकते हैं साथ ही एक अच्छी आजीविका भी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों से कहा कि आप हमेशा पढने और लिखने की आदत डालें। यह आपके लि, आवश्यक है। देश-दुनिया की खबरों से रू-ब-रू होते रहना बहुत ही आवश्यक है। साथ ही उन्होंने अच्छी रिपोर्टिंग का तरीका भी समझाया और जानकारियां भी दीं। छात्रों ने मुरलीधर से करियर व पत्रकारिता से संबंधित बहुत सारे सवाल पूछे।


**SARALA BIRLA PUBLIC SCHOOL**
Birla Knowledge City, Vill – Ara, P.O. – Mahilong,
Ranchi-Purulia Highway, Ranchi – 835103 (Jharkhand)
Phone: 9507035717, 9507035987
E-mail – info@sbpsranchi.com • Website : www.sbpsranchi.com

**REGISTRATION FOR ADMISSION IN STD. XI (SESSION 2025-26)**

**SCIENCE/COMMERCE/HUMANITIES**

Registration forms for provisional admission in Std. XI (Science, Commerce & Humanities) can be filled and submitted online through the school's official website www.sbpsranchi.com. For further details please log on to www.sbpsranchi.com. For any query, please mail at admission@sbpsranchi.com or call front office 9507035717, 9507035987 on working days. (Timing: 08:00 am to 01:00 pm).

Principal

## एक नजर

### अभियंता की बाइक झुनझुनिया फॉल से चोरी

**खलारी।** आजकल बाइक की चोर लगातार देखने को मिल रही है। कार्यालय से लेकर निजी संस्थानों से चोरी होने लगी है, जिससे लोग काफी परेशान हैं। कुछ इसी तरह का मामला देखने को मिला। खलारी प्रखंड कार्यालय के कनीय अभियंता प्रवीण उरांव की यामहा मान्स्टर एनर्जी बाइक झुनझुनिया झरना से चोरी हो गई। इस संबंध में प्रवीण उरांव ने चंदवा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि खलारी ब्लाक से पिकनिक मनाने झुनझुनिया झरना (चंदवा) अपनी बाइक जेएच01 डीआर/6144 से गए थे। बाइक उपर छोड़ कर नीचे झरना का आनंद लेने गए थे। इसी दौरान दोपहर 2 से 3 के बीच उनकी बाइक चोरी हो गई। उन्होंने काफी खोजबीन भी किया, परंतु बाइक का पता नहीं चल सका।

### बुढ़मू में महिला से छेड़छाड़, आरोपी वाहन छोड़कर फरार

**बुढ़मू।** थाना क्षेत्र की एक महिला से छेड़खानी करने का मामला सामने आया है। छेड़खानी की शिकार महिला ने बताया कि एक व्यक्ति हमारी मां के मोबाइल पर फोन कर मेरी नाबालिग बहन से अश्लील बात करता था। शनिवार की शाम लगभग छह बजे उस व्यक्ति ने फोन किया तब महिला ने फोन उठाया तब उस व्यक्ति ने उमेडंडा उच्च विद्यालय के पास मिलने के लिए महिला को बुलाया। इसके बाद महिला परिजनों को बताकर उससे मिलने गई, जहां वह व्यक्ति महिला को छेड़ने लगा तब तक महिला का पति भी वहां पहुंच गया और उस व्यक्ति के कार की चाबी छीन ली। इस दौरान ग्रामीणों को जुटता देख आरोपी वहां से फरार हो गया। इसके बाद महिला के पति ने कार पुलिस को सौंप दिया। वहीं छेड़खानी की शिकार महिला आवेदन देने के लिए बुढ़मू थाना पहुंची।

### अमित का था तीन वर्षों से ठेकेदार धनंजय के साथ संबंध

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के बाजारटांड़ में जिस अपराधी को अपहरण के मामले में पुलिस ने पकड़ा है, वह बहुत शातिर निकला। अपराधी अमित कुमार रामगढ़ से पहले पूर्णिया जिले में भी किराए के मकान पर रहता था। इसी दौरान उसका संबंध ठेकेदार धनंजय कुमार सिंह के साथ बना था। वह दोनों दोस्त बने, क्योंकि उन दोनों के जाननेवाले कई और दोस्त भी उनके बीच मौजूद थे। धनंजय और अमित के बीच लगातार बातचीत चलती आ रही थी। पिछले 10 महीने से अमित जब पूर्णिया छोड़कर रामगढ़ आया, तो वह लगातार धनंजय को पार्टनरशिप में काम करने का प्रलोभन देता आ रहा था। इलेक्ट्रिकल क्षेत्र में ठेकेदारी कर रहे धनंजय कुमार सिंह को अमित ने रामगढ़ में भी टेंडर डलवाने के लिए ही बुलाया था।

# डीसी ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों का लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा देर शाम गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर मोरहाबादी मैदान का जायजा लिया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा तैयारी को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने अतिथि के आवागमन, परेड, आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था, झांकी प्रदर्शन, एलईडी स्क्रीन, लाइटिंग एवं अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने संबंधित विभाग के पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करने को कहा। ट्रैफिक, वाहनों की पार्किंग, सुरक्षा को लेकर भी उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारी से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, सदर उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, नजारत उपसमाहर्ता सुदेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, उर्वशी पांडेय, अभियंता भवन निर्माण एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संकुल स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। अड़की** पीएम पोषण योजनान्तर्गत संकुल स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय मध्य विद्यालय अड़की में हुआ। इस प्रतियोगिता में अड़की प्रखंड के विभिन्न स्कूलों के रसोईए शामिल हुए, जिनमें रा.म. विद्यालय अड़की, गम्हरिया रा.म. विद्यालय, रा म सह विद्यालय हुंठ, मॉडल स्कूल अड़की, रा उ म विद्यालय सेरेगहातु, रा उ म विद्यालय हेमरोम, बरगी प्रोजेक्ट हाई स्कूल और उ प्रा विद्यालय गुन्तुरा शामिल थे। प्रतियोगिता में रसोइयों द्वारा पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन बनाया गया था। खाना का जज करने के बाद, इन सभी रसोईयों द्वारा बनाया खाना का ग्रेडिंग किया गया, जिसमें गम्हरिया रा.म. विद्यालय की रसोइया ने प्रथम स्थान हासिल किया और राजकीय मध्य विद्यालय अड़की की रसोइया दूसरे स्थान पर रही।इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं और खाना बनाने वालों को सफाई को ध्यान में रखते हुए पोषण युक्त भोजन बनाने के लिए प्रोत्साहित करना था, साथ ही पोषण और स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करना भी था। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में बुद्धेश्वर राम, होमा धन, संगीता देवी , प्रभा, जॉयल हंस,उदय सिंह मुंडा, नीलमणि नाग, राजकिशोर नाग, मुकेश जायसवाल,हेमा कुजूर,जोगेंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### अफीम की खेती नष्ट करने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया



**सिल्ली।** सिल्ली थाना अंतर्गत बसंतपुर गांव में शनिवार के दिन अफीम की खेती नष्ट करने को लेकर ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत बसंतपुर गांव में मुखिया जनप्रतिनिधि ने ग्रामीणों को अफीम के प्रति शपथ दिलाया एवं सभी ने कहा कि अफीम की खेती हमारे गांव या आसपास के क्षेत्रों में नहीं किया जाएगा क्योंकि अफीम की खेती हमारे जमीन को बंजर बना देती है जिसमें किसी भी प्रकार का फसल का उत्पादन नहीं हो पाएगा। किसी के द्वारा अगर अफीम की खेती की जाती है तो हम सभी लोग अविलम्ब इसकी सूचना प्रशासन को देंगे। अफीम की खेती सभी लोगों के लिए काफी परेशानी का सबब बनता है। इसकी खेती करना कानूनन अपराध है। हालांकि झारखंड में लुके छुपे कई जगहों में इसकी खेती की जाती है।

### संकुल स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**अड़की।** पीएम पोषण योजनान्तर्गत संकुल स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय मध्य विद्यालय अड़की में हुआ। इस प्रतियोगिता में अड़की प्रखंड के विभिन्न स्कूलों के रसोईए शामिल हुए, जिनमें रा.म. विद्यालय अड़की, गम्हरिया रा.म. विद्यालय, रा म सह विद्यालय हुंठ, मॉडल स्कूल अड़की, रा उ म विद्यालय सेरेगहातु, रा उ म विद्यालय हेमरोम, बरगी प्रोजेक्ट हाई स्कूल और उ प्रा विद्यालय गुन्तुरा शामिल थे। प्रतियोगिता में रसोइयों द्वारा पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन बनाया गया था। खाना का जज करने के बाद, इन सभी रसोईयों द्वारा बनाया खाना का ग्रेडिंग किया गया, जिसमें गम्हरिया रा.म. विद्यालय की रसोइया ने प्रथम स्थान हासिल किया और राजकीय मध्य विद्यालय अड़की की रसोइया दूसरे स्थान पर रही।इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं और खाना बनाने वालों को सफाई को ध्यान में रखते हुए पोषण युक्त भोजन बनाने के लिए प्रोत्साहित करना था, साथ ही पोषण और स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करना भी था। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में बुद्धेश्वर राम, होमा धन, संगीता देवी, प्रभा, जॉयल हंस, उदय सिंह मुंडा, नीलमणि नाग, राजकिशोर नाग, मुकेश जायसवाल, हेमा कुजूर, जोगेंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

### नए हालपैक डंपरों को दूसरी परियोजना में भेजे जाने का विरोध



**खलारी।** रोहिणी परियोजना के दो नए हालपैक डंपरों को दूसरी परियोजना में भेजे जाने का परियोजना के डंपर आपरेटर ने विरोध किया है। विरोध के कारण शनिवार को परियोजना का काम ढाई घंटे बन्द रहा। डंपर को दूसरे जगह भेजे जाने की सूचना पर शनिवार सुबह छह बजे से सभी आपरेटरों ने विरोध करते हुए डंपरों को खड़ा कर दिया। आपरेटरों के विरोध के कारण सभी डंपर खड़े हो गए। आपरेटरों ने प्रबंधन पर आरोप लगाया कि परियोजना में जब भी कोई नई मशीन उत्पादन के लिए आता है उसे अक्सर दूसरी परियोजना में भेज दिया जाता है। परियोजना के कामगार पुराने मशीनों के सहारे ही उत्पादन करते रहते हैं। लेकिन अब ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। परियोजना की नई मशीनों को दूसरे परियोजना में ले जाने नहीं दिया जाएगा। इधर आंदोलन की सूचना पाकर सेफ्टी अधिकारी एसपी निगम व सहायक मैनेजर केपी नायक के अलावा श्रमिक नेता ध्वजाराम धोबी भी वहां पहुंच गए। इनलोगों ने कामगारो को समझाने का प्रयास किया, लेकिन कामगार अपनी बात पर अड़े रहे।

### जिप सदस्य ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण



**मांडर।** जिला परिषद सदस्य बिनोदित तिग्गा ने बढ़ते ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान जिला परिषद सदस्य ने कहा कि ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों की मदद करना हीं सबसे बड़ा धर्म है। गरीबों व असहायों को अश्वस्त किया की आगे भी इसी तरह मदद करते रहेंगें। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि रबूल अंसारी, साबिर अंसारी, रफीक अंसारी, पप्पू गोप, अलीम अंसारी समेत और लोग भी उपस्थित थे।

### पुलिस ने युवकों के चंगुल से पूर्णिया के ठेकेदार को छुड़ाया,दो युवक गिरफ्तार

**रामगढ़।** रामगढ़ पुलिस ने दो युवकों को बाजार टांड के एक घर से हथियार के साथ गिरफ्तार किया है.मिली जानकारी के मुताबिक युवकों ने किराये के मकान में एक व्यक्ति का अपहरण कर उसे बंधक बनाया था . मामले में पैसे के लेनदेन का मामला बताया जा रहा है. पुलिस दोनों युवकों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर थाना ले गई है और पूछताछ कर रही है. जानकारी के अनुसार जिनका अपहरण हुआ है वे पूर्णिया के ठेकेदार धनंजय कुमार सिंह है. पुलिस ने युवकों के पास से स्कार्पियो जेएच01एफडब्लू4543 को जब्त किया है. अपहरणकर्ताओ के चंगुल से छुड़ाए गए धनंजय कुमार सिंह ने कहा की मुझे बंधक बनाकर रखा था. जब अपहरणकर्ता बाहर गए तब मैंने शोर मचाया. जिसकी जानकारी मुहल्ले के लोगों ने पुलिस को दी. उन्होंने बताया की अपहरणकर्ताओ ने हथियार दिखाकर मेरे खाता से 50 हजार ट्रांसफर करा लिया. गिरफ्तार अपराधियों में से एक का नाम अमित कुमार बताया जा रहा है.

### नशा और हिंसा से जीवन दुखमय होता है: स्वामी प्रमोद जी महाराज

**खूंटी ।** महर्षि मेंही आश्रम शांतिपुरी मुरहू में जिला स्तरीय दो दिवसीय सत्संग शनिवार को शुरू हुआ। मौके पर कुप्पाघाट भागलपुर आश्रम के स्वामी प्रमोद जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि सत्संग लागि रहो रे भाई, तेरी बिगड़ी बन जायेगी। सत्संग सुनने से सुधरने का मौका मिलता है। मनुष्य तन पाकर भक्ति से चूकना नहीं है, अन्यथा जन्म- जन्मांतर तक पछताना पड़ेगा।भक्ति के विषय में संत गणों के सत्संग में जानकारी दी जाती है। मन को अंकुश में रखने की जरूरत है। जैसे अपने अंग के कटने से कष्ट होता है, वैसे ही किसी भी प्राणी को होता है। किसी को तकलीफ पहुंचाना दानवता है। नशा और हिंसा से जीवन दुखमय होता है। अन्न शरीर का पोषण करता है, सत्संग, भक्ति और ध्यानाभ्यास से आत्मा का कल्याण होता है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के प्रवचन का उद्धरण देते हुए कहा कि मनुष्य सद्कर्म करने से ही सद्गति पाता है। स्वामी परमानंद जी महाराज ने कहा कि कुसंग में रहने से सत्संग में मन नहीं लगता है। अतः अपने आप को संवारने का सबसे अच्छा तरीका नियमित सत्संग करना है। स्वामी लक्ष्मणजी महाराज, स्वामी जयकुमार जी महाराज, स्वामी बालकृष्ण जी महाराज, स्वामी नरेंद्र जी महाराज, स्वामी राममूर्ति, स्वामी राजेन्द्र बाबा ने भी संतों और सत्संग की महिमा बताई। मौके पर भंडारों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ डीएन तिवारी, संजय कुमार, जूरन मुंडा, रामहरि साव, सनातन कुमार बीरू, रासबिहारी मुंडा, अर्जुन साव, सुरेश प्रसाद, उपेन्द्र नाथ गोप, राजकुमार, सूरजमल प्रसाद, डॉ रमेश वर्मा, सुनील रजक, सूरजलाल गुप्ता हरिद्वार ठाकुर, देवमन पूर्ति, डॉ महेंद्र प्रसाद, मनवंत पांडय आदि मौजूद थे।

# अपराधियों की गिरफ्तारी से पुलिस के हौसले बुलंद



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** खलारी में कई घटनाओं को अंजाम देने वाले राहुल तुरी के एनकाउंटर तथा पीएलएफआई के सब जोनल कमांडर कृष्णा यादव की गिरफ्तारी के बाद से खलारी पुलिस के हौसले बुलंद है। कृष्णा यादव की गिरफ्तारी में खलारी डीएसपी आरएन चौधरी के अलावा पुनि विजयकुमार सिंह व मैकलुस्कीगंज के थाना प्रभारी गोविन्द कुमार की अहम भूमिका रही है। राहुल तथा कृष्णा कोयला कारोबारियों, सिविल कार्य करने वाले ठीकेदारों के अलावा क्षेत्र के बड़े दुकानदारों से भी लेवी की मांग करने लगे थे। जिससे क्षेत्र में भय का वातावरण बना हुआ था। कई कारोबारी तो पुलिस को भी सूचना नहीं दे रहे थे। मैकलुस्कीगंज में बालूमाथ के एक ठीकेदार की गोली मारकर हुए हत्या में कृष्णा यादव आरोपित था। लेवी के लिए एक पेटी कान्ट्रैक्टर को पैर में गोली मार कर जख्मी कर दिया था। वहीं राहुल तुरी ने एक ही दिन तीन हाइवा डंपरों को जलाकर पुलिस को सीधे चुनौती दे डाली थी। पुलिस अपने टेक्निकल सेल की मदद से लगातार इन अपराधियों की तलाश में लगी हुई थी। पुलिस अब टीएसपीसी के ऋशिकेष जी को पकड़ने के लिए जाल बिछा रही है। इसके लिए सीमावर्ती जिलों के पुलिस से तालमेल बनाकर काम किया जा रहा है। खलारी थाना प्रभारी ने कहा है कि पुलिस के प्रयास का सकारात्मक नतीजा आएगा। अपराधियों के धर पकड़ के लिए खलारी व मैकलुस्कीगंज थाना पुलिस इन दिनों औचक रूप से वाहन जांच अभियान चला रही है। इसी कड़ी में शनिवार को कई जगहों पर आने जाने वाले दोपहिया चार पहिया वाहनों के कागजातों की जांच की गई। पुलिस ने आम लोगों से जांच में सहयोग करने की अपील की है।

### अदाणी पावर के अधिकारियों ने आदिवासी समुदाय के साथ मनाया सोहराय पर्व

**गोड्डा।** सोहराय पर्व के अवसर पर पेटवी संथाली गांव में एक भव्य आयोजन किया। इस कार्यक्रम में अदाणी पावर प्लांट के स्टेशन हेड रमेश झा, ऑपरेशन हेड प्रसून चक्रवर्ती के साथ बक्सरा पंचायत के पूर्व मुखिया हेमंत मंडल और अदाणी पावर प्लांट के विभिन्न विभाग प्रमुखों ने भाग लिया। ग्रामीणों ने इन अतिथियों का पारंपरिक और गर्मजोशी से स्वागत किया। मौके पर रमेश झा ने कहा, ₹सोहराय पर्व हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है। अदाणी फाउंडेशन समूह का प्रयास है कि हम न केवल सामाजिक विकास में योगदान दें, बल्कि स्थानीय संस्कृति को भी प्रोत्साहित करें।₹ इस अवसर पर अदाणी फाउंडेशन की ओर से जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। ग्रामीणों ने फाउंडेशन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

#### राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन

## विवेकानंद हम सभी के प्रेरणास्त्रोत उनके आदर्शों को अपनाएं: प्रो. प्रदीप



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** राष्ट्रीय सेवा योजना की करमचंद भगत कॉलेज, बेड़ो ईकाई के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करमचंद भगत कॉलेज के प्राचार्य प्रो. प्रदीप कुमार अधिकारी और अन्य संकाय सदस्यों द्वारा माल्यार्पण से हुई। अपने उद्घाटन भाषण में प्राचार्य प्रो प्रदीप कुमार अधिकारी ने स्वामी विवेकानंद के विचारों और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विवेकानंद हम सभी के प्रेरणास्त्रोत रहे हैं।कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नेहा टोप्पो ने कहा कि बेड़ो कॉलेज में यहां के छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन वृत को गहराई से अध्ययन करने की जरूरत है। कॉलेज में कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नेहा टोप्पो के साथ साथ कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर नितेश पासवान का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर कॉलेज की बर्सर डॉ. आशा रानी लकड़ा और भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मीना पूर्ति भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंतर्गत, कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के विचारों और योगदान विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# हैदराबाद तूफांस ने हीरो हॉकी इंडिया लीग में तमिलनाडु ड्रेगन्स की अजेय बढ़त को तोड़ा

*डी स्लूवर ने गेंद को सही तरीके से नियंत्रित न कर पाने के बावजूद जल्द ही सुधार करते हुए शानदार शॉट लगाकर गोल दागा*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** हैदराबाद तूफांस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हीरो हॉकी इंडिया लीग के रांची चरण में तमिलनाडु ड्रेगन्स को 4-0 से हराकर उनकी अजेय बढ़त को समाप्त कर दिया। इस जीत के साथ ड्रेगन्स को सीजन की पहली हार का सामना करना पड़ा। गोंजालो पेलियाट (21, 48), आर्थर डी स्लूवर (31), और टिम ब्रांड (33) ने तूफांस के लिए गोल दागे, जिससे उनकी टीम सात मैचों में 13 अंकों के साथ लीग तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। तमिलनाडु ड्रेगन्स अब भी 15 अंकों के साथ पहले स्थान पर बने हुए हैं। मैच की शुरूआत बराबरी की टक्कर के साथ हुई, जहां दोनों टीमों ने पहले क्वार्टर में कुछ मौके बनाए। ड्रेगन्स ने एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन हैदराबाद के गोलकीपर विकास दहिया ने ब्लेक गवर्स के ड्रैग फ्लिक को शानदार ढंग से रोक दिया। पहले क्वार्टर के अंत में तूफांस लगभग बढ़त बना लेते, लेकिन आर्थर डी स्लूवर द्वारा सेट किए गए मौके पर डेविड हार्ट ने माईको केसला का शॉट बचा लिया। तूफांस ने 21वें मिनट में बढ़त बनाई जब उन्हें एक पेनल्टी कॉर्नर मिला। पेलियाट ने इस मौके को भुनाते हुए गेंद को नेट के शीर्ष कोने में पहुंचा दिया। हैदराबाद ने हाफटाइम के बाद बेहतरीन शुरूआत की और खेल के दूसरे हाफ के पहले ही मिनट में अपनी बढ़त को दोगुना कर लिया। डी स्लूवर ने गेंद को सही तरीके से नियंत्रित न कर पाने के बावजूद जल्द ही सुधार करते हुए शानदार शॉट लगाकर गोल दागा। इसके सिर्फ दो मिनट बाद, टिम ब्रांड ने जैकब एंडरसन के पास को डिफ्लेक्ट करते हुए तीसरा गोल किया। ड्रेगन्स की टीम पूरे मैच में अपनी लय पाने के लिए संघर्ष करती रही। हैदराबाद की मजबूत डिफेंस लाइन ने उन्हें कोई मौका नहीं दिया।

#### महावीर साहु ने महाकवि घांसीराम के गीतों को किया जीवंत

## लोक कलाकारों को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** हम नहीं जाबइ जमुना नगरे हरि.... और ऋतु बसंत में कंत बिछुरे दुःख काहे हे से कहब सखी प्राण झुरे..... जैसे गीतों से करकट में महाकवि स्व घांसीराम महली के गीतों को प्रसिद्ध लोक कलाकार झारखंड विभुति महावीर साहु ने जीवंत किया। उनके स्वर में अपने बांसुरी की मधुर धुन से अन्तर्राष्ट्रीय बांसुरी वादक मनरखन बडाईक एवं अन्तर्राष्ट्रीय मांदर वादक सुदामा सिंह ने अपने थाप से चार चांद लगा दिया। महाकवि स्व घांसीराम महली जयन्ती सह मेला के दौरान खुखरागढ़ सांस्कृतिक केंद्र के बैनर तले झारखंड के प्रसिद्ध लोक कलाकार झारखंड विभुति महावीर साहु, अन्तर्राष्ट्रीय कलाकार शिवशंकर महली, संगीतकार में अन्तर्राष्ट्रीय मांदर वादक सुदामा सिंह अन्तर्राष्ट्रीय बांसुरी वादक मनरखन बड़ाईक एवं सह वादक रमेश महली, कार्तिक बड़ाईक, महावीर महली, छटु महतो, लोकगायिका सोनी कुमारी बसंती रानी मनोज प्रजापति, दल नायक सांवरिया म्युजिक लोहरदगा से दुर्गा महली आदि कलाकारों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक गीतों एवं कविता के गायन के साथ साथ लोकगीतों एवं संगीत की धुनों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। ठेठ गीतों की प्रस्तुति से महाकवि स्व घांसीराम महली के वंशज भी खूब प्रभावित हुए।

# अल्सर रोग से बचाव के लिए करें योग प्राणायाम : योगाचार्य महेश पाल

*अल्सर पेट की आंतरिक परत में होने वाला एक घाव या छाला है। यह तब होता है,जब पेट की म्यूकस परत कमजोर हो जाती है*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** अल्सर एक प्रकार का घाव या छाला है जो शरीर की अंदरूनी सतहों पर बनता है। योगाचार्य महेश पाल बताते हैं कि यह आमतौर पर पेट की अंदरूनी परत, छोटी आंत या ग्रासनली (इसोफेगस) में होता है।पेट में बनने वाला एक्स्ट्रा एसिड गैस्ट्रिक अल्सर का मुख्य कारण है। अल्सर का यदि समय पर सही इलाज न किया जाए तो यह आंतों में कैंसर का कारण भी बन सकता है,अल्सर तब होता है जब पेट में बनने वाला अम्ल (एसिड) इन आंतरिक सतहों को नुकसान पहुंचाता है, जिससे छाले या घाव हो जाते हैं,जो पेट,आहारनाल या आँतों की अंदरूनी सतह पर विकसित होते हैं,जिस जगह पर अल्सर होता है। उसके आधार पर इसे अलग-अलग नामों से जाना जाता है ।जैसे पेट में होने वाले अल्सर को गैस्ट्रिक अल्सर कहा जाता है, उसी तरह छोटी आंत के अगले हिस्से में होने वाले अल्सर को डुओडिनल अल्सर कहा जाता है,गैस्ट्रिक अल्सर,जिसे पेट का अल्सर भी कहा जाता है। पेट की आंतरिक परत में होने वाला एक घाव या छाला है ।यह तब होता है,जब पेट की म्यूकस परत कमजोर हो जाती है और पेट के अम्ल द्वारा क्षतिग्रस्त हो जाती है, अल्सर को बढ़ावा देने के लिए हेलीकोवेक्टर पाईलोरी बैक्टीरिया भी जिम्मेदार माना जाता है। यह बैक्टीरिया पेट की म्यूकस परत को कमजोर करता है। जिससे पेट का अम्ल (एसिड) आंतरिक परत को नुकसान पहुंचाता है, बही दूसरी और नॉन-स्टेरॉयडल एंटी-इंफ्लेमेटरी ड्रग्स,जैसे कि इबुप्रोफेन, एस्पिरिन और नेप्रोक्सेन का लंबे समय तक या अधिक मात्रा में सेवन करने से अल्सर हो सकता है।

## एक नजर

### 22 जनवरी को होगा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ़।** नगरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण के लिए झारखंड पुलिस की अनूठी पहल के तहत 22 जनवरी को 11:00 बजे से छावनी फुटबॉल मैदान रामगढ़ में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें रामगढ़ जिला के आम नागरिक उपस्थित होकर अपना शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। जिसका निष्पादन त्वरित गति से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान ही किया जाएगा एवं ऐसे मामले जिनका निष्पादन कार्यक्रम के दौरान नहीं किया जा सकेगा उन्हें एक निर्धारित समय बताया जाएगा उस निर्धारित समय अवधि के अन्दर प्राप्त शिकायतों का निष्पादन किया जाएगा। साथ ही रामगढ़ पुलिस द्वारा निर्गत मोबाईल नं0-9162388444 एवं ईमेल आइडी जनशिकायत-आरजीएच @जेएचपुलिस. गोव. इन पर रामगढ़ जिले की आम जनता अपनी शिकायतों / समस्याओं को साझा कर सकतें हैं।

### मुक्तिधाम विद्युत शवदाह गृह की जांच होने पर होगा अहम खुलासा

**रामगढ़।** शहर प्रतिनिधि डीएमएफटी योजना से थाना चौक मुक्तिधाम में 1 करोड़ 32 लाख 13 हजार रुपए की लागत से तीन वर्ष पहले बना विद्युत शवदाह गृह का निर्माण सवालों के घेरे में खड़ा हो गया है। बतौर कार्यकारी एजेंसी के रुप में नामित ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल की लापरवाही का खामियाजा पूरा शहर भुगत रहा है। योजना के तहत ठहरने की व्यवस्था, वाटर सप्लाई, लाईट, प्रदूषण रोकने के यंत्र, सबस्टेशन, ट्रांसफार्मर आदि लगाए जाने थे। हिन्दुस्तान अखबार के प्रतिनिधि ने शुक्रवार को योजना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान नल टूटी पड़ी दिखी। साथ ही कई दरवाजा भी खुला दिखा। इससे योजना के तहत क्या - क्या उपकरण लगाए गए थे और क्या गायब हुआ। इस पर सवाल उठ रहा है।

### भारत माला परियोजना : सांसद के निर्देश पर सोसोखुर्द में बनेगा अंडर पास

**गोला।** गोला प्रखंड के सोसोखुर्द गांव के पास भारत माला परियोजना के तहत ओरमांझी से गोला होते हुए जेनामोड़ तक निमार्णाधीन फोरलेन सड़क पर अंडरपास की सुविधा की मांग को लेकर ग्रामीणों ने पूर्व में हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल को पत्र लिखा था। इसके बाद सांसद स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों की समस्या से अवगत होते हुए कार्य स्थल का जायजा लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने सांसद को समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि भारत माला परियोजना से बन रहे फोरलेन सड़क के दोनों ओर डिवाइडर के साथ ऊंचा करने से सोसोखुर्द, महलीडीह, जांगी, करवाडीह आदि गांव के हजारों ग्रामीणों और छात्र छात्राओं को लंबि दूरी तय करते हुए आवागमन करना पड़ेगा। सांसद ने सड़क निर्माण कार्य कर रहे कंपनी से बात कर समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया।

---

दुलमी प्रखंड में कार्यालय कक्ष का हुआ उद्घाटन

## ग्रामीणों की समस्याओं का बीडीओ व सीओ जल्द करें निदान : ममता देवी

*झारखंड सरकार शिक्षा और सामाजिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध है। साइकिल वितरण से बच्चों की पढ़ाई में मदद मिलेगी*




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़।** दुलमी प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रखंड सह अंचल कार्यालय में विधायक कक्ष का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक ममता देवी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि राजीव जयसवाल, समाजसेवी बजरंग महतो, दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रमुख रेणु देवी, बीडीओ अमित कुमार तथा सीओ किशोरी यादव उपस्थित थे। प्रखंड मुख्यालय पहुंचने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। उदघाटन के बाद सैकड़ों बच्चों के बीच साइकिल और वृद्धजनों के बीच कंबल का वितरण किया गया। यह झारखंड सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है जो बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहन देने और बुजुर्गों की सहायता के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस अवसर पर विधायक ममता देवी ने ग्रामीणों से उनकी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को इन समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा झारखंड सरकार शिक्षा और सामाजिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध है। साइकिल वितरण से बच्चों की पढ़ाई में मदद मिलेगी और कंबल वितरण से वृद्धजनों को ठंड से राहत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं साझा कीं, जिनके समाधान के लिए विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

### राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन ने किया क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन

**गिद्दी।** राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन के स्थापना दिवस पर अरगड्डा क्षेत्रीय सम्मेलन सह वनभोज का आयोजन शनिवार को साधु कुटिया में किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि आरपी सिंह चंदेल, विशिष्ट अतिथि विशेश्वर ठाकुर, केंद्रीय सचिव मनोज गुप्ता उपस्थित थे। सम्मेलन में सर्वप्रथम में दिवंगत साथियों के प्रति दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित किया। सम्मेलन में मजदूरों की समस्या के समाधान के खातिर और व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रदीप रजक और संचालन जगदीश चंद्र बेदिया ने की। जबकि सम्मेलन को मुख्य अतिथि आरपी सिंह चंदेल, विशिष्ट अतिथि विशेश्वर ठाकुर ने संबोधित करते हुए यूनियन की मजबूती पर जोर दिया। सम्मेलन में राजू विश्वकर्मा, दिगंबर रजक, बिक्की राइन, सुरेश गंझू, अशोक राम ने यूनियन में सदस्यता ग्रहण किया। जिन्हें अतिथियों ने माला पहनाकर यूनियन में स्वागत किया।

विद्यालय में टीबी जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## टीबी के मरीजों को दवा के साथ पोषण के लिए 1000 रुपए मासिक दिया जाता है

*टीबी एक गंभीर बीमारी है जो यदि समय पर उपचार न किया जाए तो जानलेवा हो सकती है*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** शनिवार को रामगढ़ प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कैथा में 100 दिवसीय टीबी अभियान के तहत टीबी जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में स्कूल के बच्चों और शिक्षकों को टीबी बीमारी के लक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पीरामल स्वास्थ्य के जिला समन्वयक अजय नारायण दुबे ने 100 दिवसीय निक्षय शिविर, टीबी स्क्रीनिंग, कैम्पेनिंग अभियान के उद्देश्य के बारे में जागरूक करते हुए उपस्थित बच्चों और शिक्षकों को टीबी के लक्षणों, उपचार और रोकथाम के बारे में जानकारी दी। उन्हें यह भी बताया गया कि उच्च जोखिम वाले व्यक्ति या महिला जो पांच वर्ष के टीबी मरीजों, पिछले तीन सालों से टीबी की दवा खाएं मरीजों के सम्पर्क वाले,60 वर्ष से अधिक के लोग, कुपोषित, स्मोकिंग करने वाले, सुगर के मरीज, इत्यादि का रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है अतः ऐसे लोगों की पहचान करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है व उनका चेस्ट एक्सरे, बलगम जांच निःशुल्क किया जा रहा है। टीबी एक गंभीर बीमारी है जो यदि समय पर उपचार न किया जाए तो जानलेवा हो सकती है। जिला यक्ष्मा विभाग रामगढ़ निःशुल्क चेस्ट एक्सरे, बलगम जांच करता है एवं निःशुल्क दवा वितरण करने के साथ 1000 रुपए मासिक मरीजों को पोषण के लिए दिया जाता है। आपसे अपील हैं कि आप के परिवार या समाज में कोई टी बी के लक्षण वाले व्यक्ति या महिला मिलता है तो उसे नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र पर भेजे या सहिया दीदी से सम्पर्क को बताएं। उपस्थित लोगों को टीबी मुक्त के लिए शपथ भी दिलाई गई।

सरस्वती पूजा को लेकर बैठक आयोजित

## सूरज मंडल अध्यक्ष व धानेश्वर प्रसाद बने सचिव



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत ग्राम मासीपीड़ी में युवा शक्ति क्लास मासीपीड़ी की ओर से आगामी सरस्वती पूजा शांतिपूर्वक मनाने को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता दशरथ प्रसाद व संचालन बालगोबिन्द प्रसाद ने किया। जिसमे सर्वसम्मति से पूजा समिति के अध्यक्ष सुरज मंडल पिता खुभलाल मंडल, उपाध्यक्ष बैजनाथ यादव पिता लिटन यादव, सचिव धानेश्वर प्रसाद पिता ईश्वर महतो ,कोषाध्यक्ष संटू कुमार पिता स्व. लिटन मंडल को बनाया गया। साथ ही सभी उपस्थित सदस्यों ने शांतिपूर्वक पूजा पाठ संपन्न करने का निर्णय लिया। मौके पर उपमुखिया बैजनाथ मंडल, प्रसादी मंडल, त्रिभुवन महतो, गणेश महतो, डुगलाल मंडल, कन्हैया महतो, फौदा महतो, फागुल महतो, बेनी महतो, सुधीर महतो, मुन्शी महतो, गुजर महतो, तुलसी महतो, दिपक कुमार, रीतलाल प्रसाद, छोटन प्रसाद, बिक्की मंडल, दिपक मंडल आदि उपस्थित थे।

## टुसू परब हमारी धरोहर का प्रतीक है : ममता देवी

*टुसू परब नारी सशक्तिकरण का भी प्रतीक है, क्योंकि इस त्योहार में विशेष रूप से महिलाएं भाग लेती हैं*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** दुलमी प्रखंड के बुध बाजार सिरु में टुसू परब के पावन अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक ममता देवी, विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, जिला उपाध्यक्ष चित्रगुप्त महतो,मुख्य संयोजक दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, मुख्य संरक्षक इकबाल अंसारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन किया। अतिथियों का फुल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ममता देवी ने कहा कि यह परब फसल कटाई के बाद मनाया जाने वाला त्योहार है, अपनी मेहनत का जश्न मनाया जाता है और अपनी परंपराओं को जीवित रखता है। टुसू परब नारी सशक्तिकरण का भी प्रतीक है, क्योंकि इस त्योहार में विशेष रूप से महिलाएं भाग लेती हैं और पारंपरिक टुसू गीत गाकर अपनी खुशी व्यक्त करती हैं। टुसू परब हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। यह त्योहार हमें हमारी मिट्टी, परंपराओं और सामूहिकता से जोड़ता है। हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं को संजोकर रखना चाहिए और इस तरह के आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को भी इसकी महत्ता से अवगत कराना चाहिए। उन्होंने आयोजकों को बधाई दी और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में आपसी सौहार्द और एकता को बढ़ावा देते हैं।

### न्यूज | बॉक्स

#### बैंक ऑफ इंडिया के केसीसी सह ऋण वसूली शिविर में उमड़ी भीड़



**बरही ।** बैंक ऑफ इंडिया के केसीसी ऋण सह वसूली शिविर में एनपीए खाताधारकों की भीड़ उमड़ पड़ी. शिविर पूर्वाहन 10 बजे प्रारंभ हुआ जो देर संध्या तक चलता रहा. शाखा प्रबंधक आकाश सिंह ने बताया कि शिविर में कुल 219 किसानों ने अपने खाता का एकमुश्त योजना के तहत ऋण बंद करवाते हुए नए केसीसी ऋण के लिए आवेदन दिया. शिविर में आंचलिक प्रबंधक नरेंद्र कुमार ने उपस्थित किसानो को केसीसी ऋण के प्रति जागरूक करते हुए अधिकाधिक लाभ लेने की बात कही. उन्होंने कहा कि किसान हमारे देश के शान है. ऐसे में मजबूर और असक्षम किसान को केसीसी लेकर चुकता करने में असक्षम रहे है. उन्हे इस विशेष शिविर की मदद से अधिकतम छूट देकर पुनः ऋण देने का प्रयास किया जा रहा है. उप आंचलिक प्रबंधक अजीत कुमार पोद्दार ने केसीसी ही किसानों के लिए सर्वसुलभ ऋण है. जिसका सही संचालन से बैंक पशुधन इत्यादि के लिए भी किसानों को ऋण उपलब्ध करवाती है. कृषि प्रभारी मधु मिश्रा ने कहा कि किसान अपने केसीसी खाता को स्टैंडर्ड बनाए रखे. लेन देन करते रहे, इससे ऋण की राशि बढ़ाई भी जायेगी और सूद भी नियामुसार माफ किए जायेंगे.

#### गायत्री परिवार ने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का लिया संकल्प



**बरही ।** प्रखंड स्तरीय कमिटी गठन को लेकर गायत्री प्रज्ञा पीठ मंदिर में परिवार का प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न हुआ. जिसमे मुख्य रूप से जिला ट्रस्टी लखन प्रजापति, गजाधर साव, महिला जिला के पूर्णिमा देवी आदि शामिल हुए. विचारोपरांत सर्वसम्मति से प्रखंड समन्वयक सुरेंद्र उर्फ लाल बाबू व उप समन्वयक छोटा ठाकुर, महिला प्रखंड समन्वयक सत्यभामा देवी, उप समन्वयक रीता देवी, युवा प्रखंड समन्वयक आशीष केसरी, उपसमन्वयक संतोष ठाकुर, महिला प्रखंड समन्वयक रंजू कुमारी, उप समन्वयक अंजू देवी, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा समन्वयक अमित सोनी उप समन्वयक इंद्रदेव गुप्ता, गृहे यज्ञ सुनीता देवी व पूनम भारती, गढ़वान पीढ़ी संस्कार सुनीता विश्वकर्मा व रेखा देवी, मंजू गौतम और सत्यसूत्री आन्दोलन के प्रयाग यादव व रामदेव यादव का चयन किया गया. सभी चयनित पदाधिकारी समाज में फैले कुरितियो को दूर करने और गायत्री परिवार के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया. बैठक में कंचन गुप्ता, देवंती देवी, शिव गुप्ता, सुनीता रानी, अनीता देवी, पूनम भारती, दिनेश्वरी देवी आदि गायत्री परिवार के कई लोग उपस्थित थे।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, में शिशु नगरी मेले का हुआ आयोजन

## प्रदर्शनी बच्चों की प्रतिभा को दर्शाता है : विधायक




*बच्चों की कलाकृतियों की काफी सराहना करते हुए विधायक ने कहा कि प्रदर्शनी से बच्चों में निकखार आता है*

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली में शिशु वाटिका खंड के कक्षा अरुण, उदय एवं प्रभात के नन्हे-मुन्ने बच्चों के द्वारा शिशु नगरी मेला 2025 का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित, पुष्पार्चन एवं सरस्वती वंदना के साथ शिशु नगरी मेला का उद्घाटन किया। मौके पर विधायक ने कहा कि भारतीय संस्कृति के अनुरूप राष्ट्रभक्ति एवं संस्कार युक्त शिक्षा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दी जा रही है। भैया-बहनों का सर्वांगीण विकास हो रहा है। शिशु नगरी मेला काफी आकर्षक एवं मनमोहक है। बच्चों की कलाकृति पाककला, चित्रकला एवं विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनी बच्चों की प्रतिभा को दर्शाता है। उन्होंने बच्चों की कलाकृतियों की काफी सराहना की। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष, डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने कहा विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संस्कारयुक्त एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों को निरंतर दी जा रही है। इस विद्यालय से पढ़ लिखकर बच्चे उच्च उच्च पदों को सुशोभित कर रहे हैं। इस विद्यालय में पढ़ना एक गर्व की बात है। विद्या भारती ने शिक्षा के माध्यम से कीर्तिमान स्थापित किया है। बाल वाटिका के बच्चों द्वारा प्रस्तुति आकर्षक एवं मनमोहक है। इस तरह के कार्यक्रम होने से बच्चों की प्रतिभा निखरकर सामने आती है। कार्यक्रम में विद्यालय के उपाध्यक्ष, प्रोफेसर अमिता कुमारी ने बच्चों की सृजनशीलता को देखकर उनकी काफी प्रशंसा की।

विधायक बने दो महत्वपूर्ण समितियों के सदस्य

## क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित रहूंगा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद को दो महत्वपूर्ण विधानसभा समितियों में सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने इसकी औपचारिक अधिसूचना जारी कर उनकी नियुक्ति की घोषणा की है। प्रदीप प्रसाद को युवा कल्याण, संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति और आवास समिति का सदस्य बनाया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को प्राप्त करने पर क्षेत्र के कार्यकताओं, समर्थकों और आम जनता में उत्सव का माहौल है। सभी ने विधायक को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उनके नेतृत्व में हजारीबाग के विकास और प्रगति की नई संभावनाएं दिखाई दे रही हैं। इस उपलब्धि पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की मैं झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो और पार्टी नेतृत्व का आभारी हूं, जिन्होंने मुझ पर यह भरोसा जताया। यह जिम्मेदारी मेरे लिए गौरव और चुनौती दोनों है। मैं पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ क्षेत्र के विकास, युवा कल्याण और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करूंगा। प्रदीप प्रसाद के अनुभव और सक्रिय राजनीतिक जीवन को देखते हुए उनकी यह नियुक्ति बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इससे हजारीबाग क्षेत्र को न केवल विकास की गति मिलेगी, बल्कि युवा, संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में भी नई संभावनाओं का द्वार खुलेगा। युवा कल्याण, संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति का मुख्य उद्देश्य राज्य में युवा सशक्तिकरण, सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देना है।

## नदी की धारा की दिशा को मोड़ना नियमों का उल्लंघन है : रूपा महतो

❑ मिट्टी और पत्थर को दामोदर नदी में बहा बहाने से नदियों का अस्तित्व समाज होता रहा है



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बैनर तले प्रभावित एवं विस्थापित क्षेत्र के लोगों द्वारा कुजू क्षेत्र अंतर्गत करमा परियोजना में परियोजना पदाधिकारी को 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया था। इस मांग पत्र के आलोक में परियोजना पदाधिकारी द्वारा संतोषजनक कार्रवाई नहीं किया गया। जिससे प्रभावित एवं विस्थापित क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है। जेएलकेआम की केंद्रीय महिला मोर्चा उपाध्यक्ष रूपा महतो ने कहा कि ओवर मिट्टी और पत्थर को दामोदर नदी में बहा दिया जा रहा है, जिससे नदी की धारा भी दूसरे दिशा में चली गयी। कहा नदी की धारा का दिशा मोड़ना पर्यावरण संरक्षण के नियमों का उल्लंघन है। प्रभावित और विस्थापितों के 10 सूत्री मांग में करमा और उसके आसपास के क्षेत्र में हवा पानी एवं मिट्टी की गुणवत्ता जो खराब हो चुका है इस पर जल्द से जल्द संज्ञान लेने, रोड सेल के कोयला में 75% हिस्सा स्थानीय बेरोजगार युवकों को बेसिक दर पर देने, सीएसआर मद द्वारा करमा से रामगढ़ हजारीबाग एवं रांची के लिए कॉलेज बस की व्यवस्था की करने, स्कूली शिक्षा के लिए आर कांटा डीएवी एवं बरकाकाना डीएवी स्कूल के तर्ज पर करमा में स्कूल की व्यवस्था करने, सीएसआर मद से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने, सीएसआर मद से स्वास्थ्य सुविधा हेतु विशेष सुधार करने, करमा परियोजना के आसपास विस्थापित एवं प्रभावित गांव को मुफ़्त बिजली की व्यवस्था देने, किसानों और युवाओं के लिए कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था करने, खेलकूद के लिए ग्राउंड कि व्यवस्था करने आदि की मांग की गई है। परियोजना पदाधिकारी द्वारा मांग पत्र पर ध्यान नही देने को लेकर उपायुक्त कार्यालय रामगढ़, जिला खनन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी तथा कुज्जु ओपी को सूचनार्थ मांग पत्र की प्रति दी गई है।

संस्कृति ज्ञान से अवगत हुए भामाशाह स्कूल के विद्यार्थी

## समाजिक और धार्मिक संस्कृति से अवगत हुए बच्चे : प्रधानाचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** शनिवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने बरहीडीह स्थित प्राचीन छठ घाट पर निर्मित सूर्य मंदिर का भ्रमण किया. जिसका मुख्य उद्देश्य सांस्कृतिक और धार्मिक जानकारियां प्राप्त करना था. प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडे ने बताया कि विद्यालय के नर्सरी से एलजी से यूकेजी, एलकेजी, यूकेजी और स्टैंडर्ड वन के भैया बहनों को इस भ्रमण में शामिल किया गया था. इस दौरान विद्यार्थियों ने सनातन के मूल सिद्धांतों को करीब से जानने का प्रयास किया. सनातन दुनिया की सबसे पुराने धर्म में से एक है, जो आपसी सद्भाव और प्रेम के साथ समरस समाज बनाने को प्रेरित करता है. प्रकृति के मनोरम वादियों ने बीच अवस्थित सूर्य मंदिर को देखकर बच्चे प्रफुल्लित और उत्साहित थे. इस प्रकार के भ्रमण से बच्चो की मानसिक क्षमता में वृद्धि होती है.

विनोबा भावे विवि में बी. फार्मा का पाठ्यक्रम हुआ प्रारंभ

## हजारीबाग में खुला विवि का पहला बी.फार्मा कॉलेज

*बी. फार्मा के शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए रोजगार की असीम संभावनाएं बनी रहती हैं, जिससे वह अपना रास्ता निकाल सकते हैं*




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग द्वारा बी.फार्मा पाठ्यक्रम का प्रारम्भ ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फामेर्सी, सदानन्द रोड, पी.डब्ल्यू.डी. चैक, हजारीबाग में सत्र 2023-27 से प्रारम्भ हुआ है। यह महाविद्यालय विनोबा भावे विश्वविद्यालय का पहला बी0फार्मा महाविद्यालय है। ज्ञात हो कि फामेर्सी कॉउंसिल ऑफ इंडिया के द्वारा वर्ष 2023 में ही इस महाविद्यालय को मान्यता प्रदान किया गया था, लेकिन विनोबा भावे विश्वविद्यालय द्वारा अभी वर्तमान में इसका संबंधन संबंधी अधिसूचना जारी किया गया है। क्योंकि उक्त महाविद्यालय में डिप्लोमा-इन-फामेर्सी की पढ़ाई वर्ष 2019 से ही संचालित हो रही है। महाविद्यालय पठन-पाठन की आधुनिक तकनीकों और उपकरणों से समृद्ध है, जिसका लाभ उठाकर विद्यार्थी अपना सैद्धांतिक व व्यवहारिक ज्ञानवर्धन कर सकते हैं। बी. फार्मा करने वाले स्नातकों के लिए सामान्य स्नातक करने वाले छात्रों की तुलना में विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध हैं। बी. फार्मा के शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात रोजगार की असीम संभावनाएं, जिनमें कुछ प्रमुख इस प्रकार हैं - फार्मासिस्ट - सभी सरकारी हॉस्पिटलों में फार्मासिस्ट की नियुक्ति होती है, जैसे- आर्मी फार्मासिस्ट, रेलवे फार्मासिस्ट। इसके लिए बी. फार्मा या डी. फार्मा होना आवश्यक है। हर्बल मेडिसिन, न्यूट्रास्यूटिकल्स और कॉस्मेटिक सहित पूरक क्षेत्रों में भी बी. फार्मा के लोगों को मौका मिल रहा है। बी.फार्मा के शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात विद्यार्थी सामान्य स्नातक डिग्री धारियों को मिलने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं संबंधी रोजगार अवसरों के साथ-साथ मेडिकल क्षेत्र में एक बेहतर कैरियर का निर्माण कर सकते हैं। इस अवसर पर निदेशक विनय कुमार ने कहा कि महाविद्यालय ने आधुनिक शिक्षा के एक नए आयाम के तौर पर बी. फार्मा का संबंधन प्राप्त कर एक नया किर्तिमान स्थापित किया है जो मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए ज्ञानार्जन व कौशल विकास के प्रति दृढ़ संकल्पित है।

# डीसी ने की नीति आयोग के आकांक्षी प्रखंड में संचालित योजनाओं की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में नीति आयोग अंतर्गत आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत संचालित योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम में नीति आयोग की ओर से निर्धारित पांच आयाम स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि जल संसाधन, वित्तीय समावेशन कौशल विकास व बुनियादी ढ़ांचा के तहत जिला एवं प्रखंड में हुए कार्य प्रगति की समीक्षा की। स्वस्थ्य इंडिकेटर की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि आकाशी प्रखंड कार्यक्रम के तहत प्रथम एएनसी चेक शत् प्रतिशत सुनिश्चित किया गया है। उसी प्रकार जिले में भी शत् प्रतिशत प्रथम गर्भवती महिलाओं का एएनसी चेक व पंजीकरण हो, इसके लिए सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान को आवश्यक कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया। वहीं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम में के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं का संस्थागत प्रसव शत् प्रतिशत सुनिश्चित किया गया है। हेल्थ एंड न्यूट्रिशन के अंतर्गत पोषण ट्रैकर ऐप में कुपोषण बच्चों का सही से डाटा एंट्री करने की बात कहीं। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य व समाज कल्याण विभाग के कर्मीयों को शामिल होकर महिलाओं को एएनसी जांच, पौष्टिक आहार, पोषाहार का सेवन व कुपोषण को दूर करने के लिए मिलकर कार्य करने का निर्देश दिया। एजुकेशन के अंतर्गत मानकों का समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने छुटे हुए सभी विद्यालयों में पानी एवं शौचालय सुविधाएं बहाल करने की बात कहीं। इसके अलावा कई इंडिकेटर में प्रगति नहीं हुई जिसके तहत उपायुक्त ने आवश्यक कार्य योजना तैयार कर कार्य करते हुए नीति आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत् प्रतिशत योजनाओं में प्रगति लाने की बात कहीं।बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, सिविल सर्जन, शिक्षा पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, एलडीएम, डीपीएम जेएसएलपीएस एवं पिरामल फाऊंडेशन कर्मी गण उपस्थित थे।

## सिमडेगा उपायुक्त की अध्यक्षता में एग्री क्लीनिक स्थापना को लेकर हुई बैठक



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष- 2024 में राज्य योजना अन्तर्गत अनुमंडल स्तर पर एग्री क्लीनिक की स्थापना हेतु संस्था का चयन हेतु बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान एग्री क्लीनिक के संचालन हेतु विभिन्न एजेंसी द्वारा प्राप्त आवेदन के विरुद्ध में समीक्षा करते हुए सभी एजेंसियों के प्रतिनिधि द्वारा उपायुक्त एवं चयन समिति के प्रेजेंटेशन का प्रस्तुति की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास, एलडीएम सन्नीस अभिजित मिंज, डीडीएम नाबार्ड सहित अन्य उपस्थित थे।

# नई दिल्ली के गणतंत्र दिवस समारोह में पतिअम्बा मुखिया बनेंगी विशेष अतिथि

- पंचायत में बेहतर कार्य के लिए किया गया आमंत्रित

**नवीन मेल संवाददाता**



- गांव की कुल जनसंख्या 3412 हैं, जिसमें अनुसूचित जाति के कुल 337, अनुसूचित जन जाति के कुल 2364 तथा सामान्य वर्ग में 711 लोग निवास करते है

**सिमडेगा।** देश की राजधानी नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में विशेष अतिथि के रूप में सिमड़ेगा जिले के जलडेगा प्रखण्ड की पतिअम्बा पँचायत की मुखिया विमला देवी को आमंत्रित किया गया है। अपने पँचायत में पेयजलापूर्ति के सफल एवम व्यवस्थित संचालन एवम रखरखाव हेतु मुखिया को विशेष अतिथि के रूप में नई दिल्ली में राष्ट्रपति के कार्यक्रम में जाने हेतु चयनित किया गया है। बताया गया कि सिमडेगा जिला अंतर्गत जलडेगा प्रखण्ड के कारीमाटी ग्राम की निवासी पतिअम्बा पंचायत की मुखिया विमला देवी के द्वारा पतिअम्बा पंचायत में पेयजलापूर्ति स्कीम का सफल संचालन किया जा रहा है। पतिअम्बा पंचायत में कुल 04 गांव है एवं 22 टोला है। गांव की कुल जनसंख्या 3412 हैं, जिसमें अनुसूचित जाति के कुल 337, अनुसूचित जन जाति के कुल 2364 तथा सामान्य वर्ग में 711 लोग निवास करते है। पंचायत में कुल 824 घरों की संख्या है। पंचायत के सभी घरों में नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाती है। यह पंचायत हर घर जल सत्यापित है। इस पंचायत के सभी योजनाओं को ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को हस्तांतरित किया गया है। चूंकिं मुखिया ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष होते है। इसलिए अपनी जिम्मेवारी को समझते हुए इस पंचायत की मुखिया विमला देवी पेयजलापूर्ति योजनाओं का भली भांती संचालन कराती है। पतिअम्बा पंचायत में कुल 04 स्कुल तथा 04 आंगनबाड़ी केन्द्र है, जिसमें पेयजलापूर्ति की व्यवस्था है। पेयजलापूर्ति योजना के सफल संचालन हेतु मुखिया के द्वारा पम्प ऑपरेटर, प्लम्बर, इलेक्ट्रिशियन चयन कर रखा गया है। मुखिया के द्वारा लगातार सभी ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक की जाती है। पेयजलापूर्ति योजनाओं के निर्माण के समय में मुखिया ने ग्राम सभा कर एवं ग्रामीणों को अपने स्तर से शुद्ध पेयजल की महत्व एवं लाभ के बारे में घुम-घुम कर जानकारी दिया एवं जागरूक किया जिससे प्रभावित होकर लोगों ने हर घर जल ग्राम बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग किया। योजनाओं के संचालन एवं रख-रखाव हेतु मुखिया के द्वारा बैठक कर ग्रामीणों को मासिक शुल्क जमा करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। वर्तमान में यदि स्कीम में कोई समान्य समस्या होती है तो मुखिया के अगुवाई में राशि जमा कर मरम्मत कार्य भी कराई जाती है।मुखिया विमला 22 जनवरी को गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में भाग लेने हेतु सहायक अभियंता पेयजल एवम स्वच्छता प्रमंडल सिमड़ेगा के साथ दिल्ली रवाना होंगी।

## बांसजोर के तरगा में सुस्त पड़ी मनरेगा योजना

# वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2023-24 की 80 योजनाएं आज भी अधूरी

बांसजोर: प्रखंड के तरगा पंचायत में महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की रफ्तार सुस्त पड़ गई है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार अधिकारी उदासीन हैं। आलम यह कि चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2023-24 की कुल 80 योजना आज भी अधूरा है।

### किस वित्तीय वर्ष में कितना योजना अधूरा

मनरेगा साइट के अनुसार बांसजोर प्रखंड के तरगा पंचायत में आज भी 80 योजना अधूरा है। जानिए किस वित्तीय वर्ष में कितना योजना अधूरा है। जिसमें सबसे अधिक कूप निर्माण का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। मनरेगा साइट के अनुसार राजेन्द्र प्रधान, पुना प्रधान, पीटर किडो, आनन्द लुगून, राजकुमार बडाईक, राजेश तोपनो, बेरोनिका समद, मधु सिंह, बिजत तोपनो, गुलशन हेमरोम, लक्ष्मण बड़ाइक, असेयन लुगून, बिरसु सिंह, राजमती देवी, प्रदीप प्रधान, लुधिया साव, राजेश प्रधान, मगरीता बाघवार, समीर रंजन, मनुएल लुगून, सुलेमान सोरेंग, सुरसेन कन्डुलना, सुलोचना नायक, स्तानिस्लास बा, रति प्रधान, विजय डुंगडुंग, असेयन भेंगरा, राजेश सोरेंग का कुप निर्माण आज तक पूरा नहीं हुआ है। जबकि लगभग सभी योजना में राशि की निकासी भी हो चुकी है।



### कौन - कौन सा योजना अधूरा

मनरेगा साइट के अनुसार 28 कूप निर्माण, 1 पीसीसी निर्माण, 3 गौशाला निर्माण, 14 फार्म बंडिंग निर्माण, 1 अमृत वाटिका निर्माण, 2 पोषण वाटिका निर्माण, 11 नाडेप टैंक निर्माण, 4 बकरी शेड निर्माण, 2 मुर्गी शेड निर्माण, 2 एलबीसीडी (कच्चा बांध) निर्माण, 1 मोरम रोड निर्माण, 2 वर्मी कम्पोस्ट पीट निर्माण, 1 खेत मरम्मती निर्माण, 3 पोटो हो खेल मैदान निर्माण, 4 मेढ़ बंधी निर्माण और 1 टीसीबी शामिल है।

- 2020-21 में 5 योजना अधूरा
- 2021-22 में 17 योजना अधूरा
- 2022-23 में 2 योजना अधूरा
- 2023-24 में 56 योजना अधूरा

# गणतंत्र दिवस को लेकर बानो प्रखंड में बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** प्रखण्ड कार्यालय सभागार में गणतंत्र दिवस को लेकर शनिवार को बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी की अध्यक्षता में हुई।बैठक में मुख्य रुप से अंचलाधिकारी, जिला परिषद सदस्य व अन्य जनप्रतिनिधि गण शामिल हुए।बैठक में गणतंत्र दिवस धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक में विभिन्न संस्थाओं के झंडोत्तोलन के लिए सर्व सम्मिति से समय सारिणी निर्धारित किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य बानो बिरजो कंडुलना, प्रखंड विकास अधिकारी नईमुद्दीन अंसारी, नाजिर रेणु देवी, बानो प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोरंजन कुमार, कांग्रेस जिला महासचिव जगदीश बागे, बिरसा मुंडा खेल समिति अध्यक्ष संतोष कुमार, बीपीएम बायोम जेवियर लुगुन, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ दुलमु बुड़उली, बीडीएम आनंद प्रकाश जड़िया, पीएमडब्लू क्रीटी भूषण महतो, हेल्थ वर्कर दुति उरांव,सहायक शिक्षक संत थोमस स्कूल बानो सुसन मगरइला, शारिरिक शिक्षिका कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय अनस्तासिया मिंज, वार्डेन कस्तूरबा विद्यालय अनुराधा कुमारी प्रसाद, प्रिंसिपल होली हार्ट पब्लिक स्कूल आशा देवी,एल एस सलोमी तिग्गा,एल एस मेरी तोपनो,जेएसएलपीएस बीपीओ सुजाता बेक के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

# ब्राह्मण सेवा संघ में दो दिवसीय यज्ञोपवीत संस्कार ने निकाली कलश यात्रा

**कोलेबिरा:** प्रखंड के लचरागढ़ में उत्कलीय ब्राह्मण सेवा संघ के तत्वाधान में दो दिवसीय यज्ञोपवीत संस्कार समारोह के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम स्थल से देवी गुड़ी मंदिर पहुंची जहां माता दुर्गा की पूजा अर्चना किया गया।उसके बाद कलश यात्रा ब्राह्मण तालाब पहुंची जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भर गया इसके बाद कलश यात्रा प्रिंस चौक होते हुए ब्राह्मण टोली,पहान टोली मुख्य चौक होते हुए पूरे गांव का भ्रमण करते हुए कलश यात्रा पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंची जहां कलश का स्थापना किया गया तथा दो दिवसीय यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम का विधि विधान से शुरूआत किया गया। कार्यक्रम मे भगवान जगरनाथ की पुजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष संतोष पैत,केंद्रीय सचिव केशव चंद्र पाणीग्राही कोषाध्यक्ष अमित कुमार पाढी, संरक्षक कुमुद सारंगी, इकाई सिमडेगा के अध्यक्ष आचार्य विद्या बंधु शास्त्री,उपाध्यक्ष सुमंत बीसी, उपाध्यक्ष नागेश्वर महतो, उपाध्यक्ष श्याम सुंदर आचार्य, उपाध्यक्ष पवन मिश्रा, उपाध्यक्ष शिवपति मिश्र, सचिव जयंत मिश्रा,उप सचिव जितेंद्र कुमार पांडा,उप सचिव सूरज कुमार बीसी,कोषाध्यक्ष सुनिल कुमार द्विवेदी,के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

# पुलिस ने जिले में जन शिकायत सह सूचना केन्द्र कर रही स्थापना

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** सिमडेगा के नागरिकों की शिकायतों का त्वरित तथा प्रभावी निवारण एवं विभिन्न विषयों से संबंधित सूचना हेतु सिमडेगा पुलिस के द्वारा पुराने महिला थाना भवन में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में जन शिकायत -सह- सूचना केन्द्र का शुभारंभ किया जा रहा है। इस केन्द्र में जिला वासियों को अपनी समस्याओं/शिकायतों से संबंधित आवेदन समर्पित करने तथा उसपर की गई कार्रवाई की सूचना तथा अन्य सूचनाएं प्राप्त करने की सुविधा प्राप्त होगी। इस केन्द्र में एक टोल फ्री नम्बर भी संचालित है जिसपर कॉल कर सूचनाओं को प्राप्त किया जा सकता है। उक्त केन्द्र से जिलावासियों को निम्न सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएगी।एसपी सौरभ ने बताया कि किसी भी प्रकार की शिकायतों से संबंधित आवेदन समर्पित किया जा सकेगा साथ ही प्राप्ति भी दिया जाएगा।दिए गए आवेदन पर की गई कार्रवाई की सूचना प्राप्त किया जा सकेगा तथा चरित्र प्रमाण पत्र बनाना तथा उससे संबंधित सूचना,पासपोर्ट से संबंधित सूचना। एवं पुलिस से संबंधित अन्य सूचनाएं शामिल हैं उन्होंने बताया यह केन्द्र सभी कार्य दिवस में 10:00 बजे से 06:00 बजे तक संचालित रहेगा।

# जिला मुख्यालय को रेल नेटवर्क से जोड़ने की सूचना पर दीपेश निराला ने जताया आभार

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** सिमडेगा, गुमला, खूंटी और चतरा जिला मुख्यालय को देश के रेल नेटवर्क से जोड़ने का काम शुरू हो गया है और इस संदर्भ में झारखंड रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने सर्वे का काम पूरा कर लिया है। अभी तक उक्त चार जिला मुख्यालय रेल सुविधा से विहीन है झारखंड में, जिसके लिए यहां की जनता वर्षों से रेलवे की मांग को लेकर संघर्षरत है। सिमडेगा जिला मुख्यालय में रेल लाओ अभियान आंदोलन के तहत लगातार 15 वर्षों से संघर्षरत सामाजिक कार्यकर्ता दीपेश निराला ने उक्त जिलों में सर्वे कार्य पूरा होने और राज्य सरकार द्वारा रेलवे बोर्ड को इस संदर्भ में रिपोर्ट भेजे जाने पर सरकार को धन्यवाद दिया है ।उन्होंने मांग किया है कि जैसाकि सर्वे में दर्शाया गया है लोहरदगा से गुमला 55 किलोमीटर और गुमला से सिमडेगा 43 किलोमीटर को जोड़ने का सर्वे हुआ है, इसका विस्तार सिमडेगा से करीब 28 किलोमीटर और करते हुए इस रेललाइन को उड़ीसा के राजगांगपुर रेलवे स्टेशन तक करने से यह पूरा रेल सर्किट हावड़ा मुंबई मेन रेललाइन से जुड़ जाएगा, जिससे लोहरदगा का अल्युमिनियम का अयस्क बॉक्साइट, इत्यादि कोरबा छत्तीसगढ़ स्थित देश की सबसे बड़ी अलमुनियम फैक्ट्री नाल्को तक पहुंच पाएगा, जिससे यह आदिवासी बहुल वन आच्छादित अति पिछड़ा क्षेत्र काफी तीव्र गति से विकास करेगा और रेलवे के कारण यहां निर्बाध बिजली आपूर्ति होगी। जिससे पानी की आपूर्ति भी निर्बाध होगी। जिससे सैकड़ो प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के साधन पैदा होंगे और कल-कारखानों का जाल बचेगा इस क्षेत्र में क्योंकि खनिज के साथ-साथ यह क्षेत्र वन उत्पाद के लिए भी काफी महत्वपूर्ण है।साथ ही साथ खूंटी को हटिया रेलवे स्टेशन से और चतरा को हजारीबाग रेलवे स्टेशन से जोड़ना जनहित में एक बहुत बड़ा कार्य होगा और इस तरह पूरा झारखंड का सभी जिला रेलवे नेटवर्क से जुड़ जाएगा।उक्त परिस्थितियों में दीपेश निराला ने सरकार के साथ-साथ रेलवे बोर्ड से मांग किया है, कि भेजे गए उक्त सर्वे रिपोर्ट को जल्द मंजूरी देते हुए उक्त चारों जिला मुख्यालय को देश के रेलवे नेटवर्क से जुड़वाने का काम कर संवेदक चयन कर उक्त कार्य को यथाशीघ्र जनहित में करवाया जाय, और और इस परियोजना को लाभ एवं हानि के तराजू में न तौला जाय।

# बांकी पतराटोली में दो दिवसीय प्रेम भोज कार्यक्रम संपन्न, हॉकी मैच का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** प्रखंड के बांकी पंचायत अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित विधालय बांकी पतराटोली मैदान में दो दिवसीय प्रेम भोज का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना मुख्य रूप से उपस्थित हुए।इस अवसर पर आयोजित दो दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन बानो जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना ने किया।उद्घाटन मैच कोनाप गिरजाटोली और बांकी पतराटोली के बीच खेला गया।जिसमे बाकी पतराटोली 1-0 से विजयी रहा।कार्यक्रम में पंचायत के विभिन्न मंडली द्वारा गीत-संगीत व नृत्य प्रस्तुत किया गया,रात्रि में आदिवासी संस्कृति के अनुरूप ढोल नगाड़ों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया गया।इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों के हाथ में होकी स्टिक देखकर जिला परिषद काफी खुश हुए उन्होंने होकी पकड़कर बच्चों को होकी के गुर सिखाए बच्चों से परिचय प्राप्त कर उन्हें भविष्य में होकी खेलने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर बढ़ती ठंड के मद्देनजर दस ज़रूरतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण किया।मौके पर जिला परिषद बिरजो कंडुलना ने कहा कि सामूहिक प्रेम भोज का आयोजन करने से गांव-गांव में आपसी संबंध बेहतर होते हैं,प्रेम भोज के माध्यम से ने रिश्ते जोड़ने का भी अवसर मिलता है।प्रेम भोज पूर्वजों से चली आ रही आदिवासी परंपरा है जिसमें सभी लोग एकजुट होकर खुशियां मनाते हैं,उपहारों का आदान-प्रदान होता है,ने रिश्ते बनते हैं।आगे उन्होंने कहा कि कुछ लोग परंपरा को भुलते जा रहे हैं,पुनः इसे संजो कर आदिवासी परंपरा को बचाए रखने की जरूरत है।दोनों टीमों को बेहतर खेल प्रदर्शन और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आयोजक समिति सुलेमान ने कहा कि प्रेम भोज पुरखों की निशानी है इससे आपसी रिश्ता मधुर होता है प्रेम भोज कार्यक्रम में विभिन्न गांव के लोग शामिल होते हैं जिसे आप संबंध मजबुत बनता साथ ही नया रिश्ता जोड़ने के लिए भीप्रयास रहता है। इस अवसर पर गांव के महिला पुरुष उपस्थित थे।

# झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत शाखा सिमडेगा जिला कमिटी का हुआ गठन

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत शाखा सिमडेगा जिला कमिटी द्वारा एक दिवसीय जिला सम्मेलन सह वन भोज का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता अमर कुजूर ने की और इसका संचालन दिनेश बड़ाइक ने किया।जिला सम्मेलन सह वन भोज में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह भाग लिया। एक दिवसीय जिला सम्मेलन सह वन भोज में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करके जो मांग की गई। सिमडेगा जिला सम्मेलन सह वन भोज में सर्वसम्मति से सिमडेगा जिला कमिटी का पुनर्गठन करते हुए बनो गिर्दा ओपी के चौकीदार किशोर बड़ाइक को जिलाध्यक्ष, कुरडेग थाना के चौकीदार देवती देवी को उपाध्यक्ष, ठेठईटांगर थाना के चौकीदार दिनेश बड़ाइक और पाकरटांड थाना के चौकीदार अमर कुजूर कोकिला कोषाध्यक्ष बनाया गया है।चौकिदार संघ ने उपायुक्त से मांग की है की इस मामले में तत्काल कार्रवाई करे और चौकीदारी मैनुअल के अनुसार ही ड्यूटी करने का आदेश दे। वन भोज में मुख्य रूप से शाहजहां खान, कृष्णा बड़ाइक, नारायण भोक्ता, बंदे गोप, भैयाराम तुरी , आनंद डुंगडुंग , हेमसेन सोरेन , दीपक खेद, रावल , समाप्ति देवी, पार्वती कुमारी, कमलेश प्रधान, जगतपाल सिंह , बुद्धेश्वर खड़िया, रामेश्वर पन जैन बड़ा, कुलदीप तिर्की, अरुण बड़ाइकआदि मुख्य रूप से शामिल थे।

# न्यूज बॉक्स

## सड़क सुरक्षा माह के तहत वाहन जांच अभियान,65 हजार वसूले जुर्माना

**ठेठईटांगर।** सड़क सुरक्षा माह के तहत डीटीओ संजय कुमार बाखला के नृत्यत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया। बोलबा मोड़ ठेठईटांगर में ओवर लोड के खिलाफ जांच अभियान चलाया गया। इसी क्रम में ताज बस एव गुप्ता बस का भी ओवरलोड का फाइन किया गया। वही डीटीओ संजय कुमार बाखला ने सभी को सड़क सुरक्षा की जानकारी दी। साथ ही हेलमेट, सीटबेल्ट ओवरलोड, लाइसेंस एव अन्य कागजात के बारे में जानकारी दी। साथ ही दुर्घटना से बचने के लिये रिफेलेक्टिव टेप भी कई वाहनों में चिपकाया गया। जो रात में दुर्घटना होने से बचाता है। वही जांच के दौरान छोटी बड़ी वाहनों से 65 हजार जुर्माना वसूला गया। मौके पर अजीत कुमार रवि, , नितेश कुमार सहित थाना ठेठईटांगर पुलिस बल मौजूद थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के दो छात्रों का एआईएफएस फुटबॉल क्लब में हुआ चयन

**सिमड़ेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा के पूर्व छात्र रितेश मांझी और करण साहू का कोलकाता पश्चिम बंगाल स्थित एआईएफएस. फुटबॉल क्लब में चयन हुआ ।दोनों खिलाड़ी पश्चिम बंगाल में रहकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ फुटबॉल का प्रशिक्षण लेंगे। दोनों सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के छात्र रहे है। इनके उपलब्धि पर विद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है ।विद्यालय के प्रधानाचार्य दोनो को शुभकामना दी तथा उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की । रितेश मांझी और करण साहू को शुभकामना देने वालों में विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक, आचार्य-आचार्या और अन्य भैया भैया-बहन थे।

## नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा ने चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता

**सिमडेगा।** मेरा युवा भारत, नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा, सिमडेगा पुलिस, जिला परिवहन सिमडेगा के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 17 जनवरी 2025 से 23 जनवरी 2025 तक सड़क सुरक्षा सप्ताह के दूसरे दिन दिनांक 18 जनवरी 2025 को सिमडेगा के महावीर चौक, झूलन सिंह,चौक प्रिंस चौक में नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा के स्वयंसेवकों और सिमडेगा पुलिस के विनोद राम, मुमताज अंसारी हवलदार , रविंद्र साहू, देवेश मुंडा , कृष्णा खाखा ,कमलेश टोप्पो आरक्षी उनके सहयोग से अभियान चलाया गया । यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को गुलाब का फूल देकर जागरूक किया गया उन्होंने संकल्प लिया कि मोटरसाइकिल चलाते समय जरूर से हेलमेट का प्रयोग करेंगे और और यातायात नियम का पूर्णतः पालन करेंगे, कार्यक्रम को सफल बनाने में

## एनसीसी का प्रैक्टिकल परीक्षा हुआ संपन्न

**सिमडेगा।** डिस्ट्रिक्ट सी एम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस सिमडेगा में एनसीसी 'ए' सर्टिफिकेट का प्रैक्टिकल परीक्षा सम्पन्न हुआ। एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर सत्यजीत कुमार ने बताया कि डिस्ट्रिक सी एम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस सिमडेगा के 35 कैडेट्स, जवाहर नवोदय विद्यालय के 24 कैडेट्स एवं डी. ए . बी.पब्लिक स्कूल सिमडेगा के 25 कैडेट्स ने परीक्षा दिया। परीक्षा लेने हेतु 46 झारखंड बटालियन से नायब सूबेदार मनोज कुमार बोरो तथा हवलदार मोनिसाना सिंघा को प्रतिनियुक्ति किया गया था। परीक्षा के सफल संचालन हेतु एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर सत्यजीत कुमार, विकास चंद्रा एवं कृष्ण प्रसाद बारिक परीक्षा केंद्र पर मौजूद थे। परीक्षा केंद्र पर व्यवस्था हेतु शिक्षक संजीव कुमार एवं अजय मेहता मौजूद थे। 19 जनवरी को 10:00 बजे से लिखित परीक्षा होगी सभी को 9:00 बजे परीक्षा केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य है।

## चुटियानाला और स्वांगनाला में चेक डैम निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**जलडेगा।** जलडेगा प्रखंड के पतिआंबा पंचायत अंतर्गत कारीमाटी गांव के चुटियानाला में जल संसाधन विभाग द्वारा चेकडैम का निर्माण किया जाएगा जिसका विधायक नमन विक्सल कोंगाडी ने शिलापट्ट का अनावरण कर नारियल फोड़ कर चेक डैम निर्माण कार्य का शिलान्यास किया ।वहीं स्वांगनाला में जल संसाधन विभाग से सिरीज़ चैकडेम का निर्माण किया जाएगा यहां पर भी विधायक ने शिलापट्ट अनावरण और पूजा अर्चना कर नारियल फोड़ते हुए चैकडेम निर्माण कार्य का शिलान्यास किया ।मौके पर विधायक ने कहा कि चैकडेम निर्माण होने से किसानों को लाभ मिलेगा आसपास के ग्रामीण लाभान्वित होंगे ।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों के विकास के लिए स्वरोजगार बढ़ाने के लिए लघु सिंचाई प्रमंडल के द्वारा चेक डैम का निर्माण किया जा रहा है। इससे किसान खेती बाड़ी कर सकेंगे उनके आय में बढ़ोतरी होगी तथा स्वरोजगार से जुड़ेंगे ।उन्होंने किसानों से चैकडेम बनने पर विभिन्न किस्म के खेती करने के लिए किसानों से आग्रह किया तथा दूसरे किसानों को भी खेती करने के लिए प्रेरित करने को कहा।

## न्यायालय परिसर में एकमुश्त ऋण की समझौते के लिए लोक अदालत का आयोजन

**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सहयोग से बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में एकमुश्त ऋण की समझौते के लिए लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में जिले में कार्यरत बैंक ऑफ इंडिया के विभिन्न शाखाओं के द्वारा आपसी समझौते के आधार पर ऋण संबंधी मामलों का निष्पादन किया गया। लोक अदालत में कुल 42 मामले निष्पादित किए गए। जिसमें कुल 20 लाख 68 हजार 381 रुपए बकाया के विरुद्ध 6 लाख 24 हजार 704 रुपए पर समझौता किया गया। मौके पर प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने बैंक अधिकारियों से कहा कि बैंक ऑफ इंडिया की यह अच्छी पहल है। चूककर्ता बकायेदारों को राहत देने के लिए लोक अदालत का आयोजन किया गया। बैंक अधिकारियों ने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया द्वारा ऋणियों को यथासभंभ राहत देते हुए समझौता कर लोगों को ऋण मुक्त होने का मौका दे रहा है।

